एक नजर में

सॉलिटेयर क्लब द्वारा नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर

इंदौर. कारगिल विजय दिवस के पावन अवसर पर सॉलिटेयर क्लब परिवार ने उज्ज्वल भविष्य सेवा आश्रम में नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया. इस शिविर में आश्रम के बच्चों सहित कुल 75 लोगों का परीक्षण किया गया. पाँच मरीजों में मोतियाबिंद की पहचान हुई, जिनके आगे के इलाज और ऑपरेशन की पूरी व्यवस्था क्लब द्वारा की जाएगी. बच्चों के लिए चश्मे बनवाने का कार्य भी क्लब ने अपने जिम्मे लिया, वहीं जिन बच्चों को दवाइयों और ड्रॉप्स की आवश्यकता थी, उन्हें तुरंत उपलब्ध कराया गया. सॉलिटेयर क्लब के अध्यक्ष सनी वाधवानी ने कहा – कारगिल विजय दिवस हमें त्याग और सेवा की सच्ची प्रेरणा देता है. आज उज्ज्वल भविष्य सेवा आश्रम में आयोजित स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर के माध्यम से हमने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का प्रयास किया है। इस कैंप की मार्गदर्शक डॉ. उमा झँवर रहीं, जिन्होंने मेडिकल टीमों के साथ समन्वय किया. सेवा कार्य में क्लब के स्वयंसेवकों– कनक वाधवानी, रितेश चांगल, हरप्रीत कुकरेजा, अंशुल मंगल और चेतन चौधरी– ने महत्वपूर्ण योगदान दिया.

जावा येज़्दी की शौर्य विजय यात्रा का समापन

इंदौर. भारतीय सेना के साथ साझेदारी में आयोजित जावा येज़्दी मोटरसाइकल्स की शौर्य विजय यात्रा का समापन कारगिल विजय दिवस के अवसर पर द्रास स्थित कारगिल युद्ध स्मारक पर हुआ. नई दिल्ली के राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से शुरू हुई इस 1,900 किमी की यात्रा में सेवारत व सेवानिवृत्त रक्षा कर्मी, वीर नारियां, शहीदों के परिवार और सिविलियन राइडर्स एक साथ आए. इस अभियान ने 1999 के कारगिल युद्ध के नायकों की वीरता, समर्पण और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की. क्लासिक लेजेंड्स के सह–संस्थापक अनुपम थरेजा ने कहा शौर्य विजय यात्रा यह सुनिश्चित करने का हमारा तरीका है कि भारत के वीर सपूतों की कहानियां आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहें. राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से लेकर द्रास तक, इस यात्रा का हर एक किलोमीटर उन लोगों को समर्पित था जिन्होंने देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया. हमें भारतीय सेना और व्यापक राइडिंग कम्युनिटी के साथ मिलकर यह श्रद्धांजलि अर्पित करने पर गर्व है.

सैमसंग ने वर्ल्ड यूथ स्किल्स डे मनाया

इंदौर. वर्ल्ड यूथ स्किल्स डे पर, सैमसंग इंडिया ने 2025 में ट्रेनिंग पाने वाले 9,400 युवाओं में से चुने गए 30 दोस्त सेल्स टॉपर्स की उपलब्धियों का जश्न मनाया. इन टॉपर्स को सैमसंग दोस्त के तहत सम्मानित किया गया; यह कंपनी का मुख्य सीएसआर स्किलिंग प्रोग्राम है जो युवाओं को ऑर्गनाइज्ड रिटेल में करियर के लिए तैयार करता है. शिक्षा और रोज़गार के बीच की दूरी को कम करने के लिए शुरू किया गया सैमसंग दोस्त युवाओं को खास सेल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम के ज़रिए रिटेल सेक्टर में फ्रंटलाइन करियर के लिए तैयार करता है. सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेपी पार्क ने कहा थ्योरेटिकल लर्निंग और असल रिटेल अनुभव को मिलाकर, सैमसंग दोस्त युवा भारतीयों को ऑर्गनाइज्ड रिटेल में सफल होने के लिए आत्मविश्वास, क्षमता और सोच विकसित करने में मदद कर रहा है, साथ ही भारत के कुशल भविष्य के लिए तैयार वर्कफोर्स के विज़न में भी योगदान दे रहा है.

अमेजन पर ग्रेट फ्रीडम सेल 7 अगस्त से

इंदौर. अमेज़न इंडिया ने आज घोषणा की है कि ग्रेट फ्रीडम सेल 2026 7 अगस्त को रात 12 बजे से लाइव होगी। इस सेल में स्मार्टफोन, फैशन, ब्यूटी, होम, किचन, बड़े उपकरण, किराना, रोज़मर्रा की ज़रूरतों से जुड़ी चीज़ों और अन्य श्रेणियों में शानदार डील्स एक साथ मिलेंगी. सेल के दौरान, ग्राहक टॉप 100 डील्स, ब्लॉकबस्टर डील्स, ट्रेंडिंग डील्स और 8 पीएम डील्स और बहुत कुछ के ज़रिए बेहतरीन बचत की उम्मीद कर सकते हैं. इसके अतिरिक्त, ग्राहक एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड और ईजीईएमआई ट्रान्जैक्शन पर 10% की इंस्टेंट छूट और चुनिंदा क्रेडिट व डेबिट कार्ड पर नो–कॉस्ट ईएमआई के साथ 2,000 रुपए तक के कैशबैक रिवॉर्ड्स का लाभ उठा सकते हैं. विभिन्न श्रेणियों में मिलने वाली शानदार डील्स के अलावा, ग्राहकों को चुनिंदा क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर नो–कॉस्ट ईएमआई, इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट, एक्सचेंज ऑफर्स और अमेज़न पे रिवॉर्ड्स जैसे कई किफायती विकल्प भी मिलेंगे. देश के 100% सेवा योग्य पिन–कोड पर तेज़ और सुविधाजनक डिलीवरी के साथ, पूरे भारत के ग्राहक एक सहज और आसान शॉपिंग अनुभव का आनंद ले सकते हैं.

सैमसंग जेड फोल्ड सीरिज ने प्री–ऑर्डर का रिकॉर्ड बनाया

इंदौर. सैमसंग के 8वीं पीढ़ी के फोल्डेबल स्मार्टफोन्स गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा, गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 और गैलेक्सी जेड फ्लिप 8 ने प्री–ऑर्डर के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. यह भारत में फोल्डेबल टेक्नोलॉजी के बढ़ते चलन और ग्राहकों के ज़बरदस्त उत्साह को दर्शाता है. 22 जुलाई को भारत में लॉन्च होने के महज़ 72 घंटों के भीतर इन नए डिवाइसेस के लिए 2,71,000 से अधिक प्री–ऑर्डर दर्ज किए गए. पिछले साल, सैमसंग इंडिया को अपने गैलेक्सी जेड फोल्ड7 और जेड फ्लिप7 के लिए इतने ही प्री–ऑर्डर पाने में 15 दिन लगे थे. जेबी पार्क, प्रेसिडेंट और सीईओ, सैमसंग साउथवेस्ट एशिया ने कहा हमारी नई गैलेक्सी जेड सीरीज़ को मिली ज़बरदस्त प्रतिक्रिया भारत में उन नई और आधुनिक तकनीकों की बढ़ती मांग को दिखाती है, जो उत्पादकता को बढ़ाने के साथ ही रचनात्मक क्षमताओं को निखारती हैं. ये डिवाइसेस, जो व्यक्तिगत गैलेक्सी एआई अनुभव प्रदान करती हैं, न केवल भारत में बनाए गई हैं, बल्कि इन्हें हमारी मजबूत भारतीय आरएंडडी क्षमताओं का भी समर्थन है, .

टीकएम ने वाटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट के साथ किया एमओयू

इंदौर. टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने वाटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट के साथ एक समझौता ज्ञापन (एओयू) पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत टोयोटा वसुंधरा नामक व्यापक वाटरशेड मैनेजमेंट और जल संरक्षण कार्यक्रम को पैठण और छत्रपति संभाजीनगर (सीएसएन) तालुका, छत्रपति संभाजीनगर जिला, महाराष्ट्र के नौ गाँवों में लागू किया जाएगा. यह पहल 6,167 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करेगी और सिंचाई विस्तार को 20% तक बढ़ाने की योजना है। इससे 2,398 परिवारों के 11,268 लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है. औपचारिक एमओयू साइनिंग समारोह विनय गौड़ा जी.सी., कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट, छत्रपति संभाजीनगर, महाराष्ट्र की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिसमें टोयोटा किर्लोस्कर मोटर और वाटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी शामिल थे. विक्रम गुलाटी, कंट्री हेड एवं एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट अफेयर्स, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर, ने कहा, टोयोटा वसुंधरा हमारे इस विश्वास को दर्शाता है कि सतत विकास में पानी, कृषि और ग्रामीण आजीविका की आपस में जुड़ी चुनौतियों को संबोधित करना आवश्यक है.

स्वस्थ रहें, तरोताज़ा रहें डाबर रियल एक्टिव के साथ

इंदौर. नैचुरल हेल्थ एवं आयुर्वेद कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड की ओर से पैकेज्ड फ्रूट ज्यूस ब्राण्ड रियल ने रियल एक्टिव फ्रूट ज्यूस के साथ उपभोक्ताओं को पोषण प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत बना लिया है– फ्रूट ज्यूस की इस स्वादिष्ट और रिफ्रेशिंग रेंज में अतिरिक्त चीनी का इस्तेमाल नहीं किया जाता. फलों के गुणों से भरपूर रियल एक्टिव को बनाने में अतिरिक्त चीनी और बिना अतिरिक्त प्रीज़रवेटिव्स का इस्तेमाल नहीं किया जाता. मयंक कुमार, वाइस प्रेसिडेंट मार्केटिंग, डाबर इंडिया ने गर्मियों में तापमान बढ़ने के साथ अपने आप को हाइड्रेटेड रखना और भी ज़रूरी हो जाता है. सोडा और कोला में फिज़ होती है, साथ ही इनमें 5 क्यूब अतिरिक्त चीनी भी होती है, इसके अलावा ये ड्रिंक्स किसी भी तरह से पौष्टिक नहीं हैं, इनके हर ग्लास में कैलोरीज़ के अलावा और कुछ नहीं होता. वहीं दूसरी ओर रियल एक्टिव फलों के गुणों से भरपूर है जो बिना अतिरिक्त चीनी और बिना अतिरिक्त प्रीज़रवेटिव के आपको गर्मी से राहत देता है.

जेएलआर इंडिया ने दर्ज किया सेल्स का रिकॉर्ड परफोर्मेन्स

इंदौर. जेएलआर इंडिया ने पहली तिमाही के लिए अब तक का सबसे अच्छा रीटेल सेल्स परफोर्मेन्स दर्ज किया है, कंपनी ने 11 फीसदी सालाना की बढ़ोतरी दर्ज करते हुए वित्तीय वर्ष 27 की पहली तिमाही में 1665 युनिट्स बेची हैं। इसी तरह तिमाही में होलसेल बिक्री भी 4 फीसदी सालाना की दर से बढ़कर 1694 युनिट्स पर पहुंच गई है. वित्तीय वर्ष 2027 की पहली तिमाही में कुल रीटेल बिक्री में रेंज रोवर, रेंज रोवर स्पोर्ट और डिफेंडर मॉडल की हिस्सेदारी 85 फीसदी से अधिक रही, जो भारत के लग्ज़री एसयूवी सेगमेंट में इनकी मज़बूत स्थिति को दर्शाता है. डिफेंडर कंपनी का सबसे ज़्यादा बिकने वाला मॉडल भी बना रहा, इससे साफ है कि भारत में 'टफ लक्ज़री' की मांग ज़बरदस्त बनी हुई है. जेएलआर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, मिस्टर राजन अंबा ने कहा हमने पहली तिमाही में अब तक के सबसे बेहतरीन रीटेल परफोर्मेन्स के साथ वित्तीय वर्ष 27 की शानदार शुरूआत की है। रेंज रोवर, रेंज रोवर स्पोर्ट और डिफेंडर की मांग लगातार बढ़ रही है, और इंडिया–यूके एफटीए के बाद एसवी और बिस्पोक में भी लोगों की दिलचस्पी बढ़ती दिख रही है.

एमएक्स प्लेयर पर गेमिंग रियलिटी शो प्लेग्राउंड वापस लौटा

इंदौर. प्राइम वीडियो के एमएक्स प्लेयर ने आज प्लेग्राउंड सीज़न 5 का ट्रेलर जारी किया. इस बार खेल पहले से भी बड़ा और रोमांचक होने वाला है. लोकप्रिय गेमिंग रियलिटी शो इस बार अपने अब तक के सबसे बड़े फॉर्मेट के साथ लौट रहा है, जिसमें पहली बार तीन मेंटर्स का पैनल होगा. दो बार के चैंपियन एल्विश यादव एक बार फिर चह्ह क्रैकेंस टीम का नेतृत्व करेंगे. वहीं तेजस्वी प्रकाश पहली बार मेंटर के रूप में रेजिंग सेंटॉर्स टीम की कमान संभालेंगी. उनके साथ आरुष भोला पावर फीनिक्स टीम का नेतृत्व करेंगे. छह सप्ताह तक चलने वाले इस सीज़न में ये तीनों टीमें रोमांचक प्रतिस्पर्धा में आमने–सामने होंगी, जहां अंत में केवल एक ही मास्टरमाइंड विजेता बनकर उभरेगा. प्राइम वीडियो के एमएक्स प्लेयर में कंटेंट डायरेक्टर और हेड, अमोघ दुसाद ने कहा प्लेग्राउंड ने हर सीज़न में कुछ नया और बड़ा पेश करके दर्शकों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई है, और सीज़न 5 भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाता है. प्रतिस्पर्धी गेमिंग और रियलिटी एंटरटेनमेंट का शानदार मेल पेश करने वाला यह देश का इकलौता गेमिंग रियलिटी शो है, जिसने अपनी अलग जगह बनाई है.

सरकारी जमीन पर अवैध न्यू लक्ष्मी नगर कॉलोनी काटने पर भूमाफिया पर एफआईआर दर्ज

- 40 करोड़ की जमीन पर भू माफिया ने प्लॉट बेचकर हड़पे 5 करोड़
- प्रशासन ने कार्रवाई कर हटाया अतिक्रमण

नव भारत न्यूज

इंदौर. बुधवार को प्रशासन ने मल्हारगंज तहसील के सिरपुर क्षेत्र में सरकारी ज़मीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की. सरकारी जमीन पर कब्जा कर अवैध कॉलोनी काटकर प्लॉट बेचने वाले भू माफिया पर एफआईआर दर्ज कराई गई. अतिक्रमण मुक्त कराई सरकारी जमीन का बाजार मूल्य 40 करोड़ रुपए बताया जा रहा है.

शहर के सिरपुर में स्थित खसरा नंबर 33 की 2.711 हेक्टेयर सरकारी जमीन पर अवैध न्यू लक्ष्मी नगर कॉलोनी विकसित करने की जा रही थी. इसका खुलासा होने पर मल्हारगंज एसडीएम ने मौके पर तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए थे. जांच रिपोर्ट में पाया गया कि उक्त सरकारी जमीन वर्तमान राजस्व अभिलेखों के अनुसार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के नाम दर्ज है. जांच के दौरान खुलासा हुआ कि अज्जू खां पिता भूरु खान, निवासी 17 सम्राट नगर सरकारी जमीन को निजी जमीन बताकर सर्वे क्रमांक 37/1 पर छोटे–छोटे भूखंड तैयार किए गए थे और नोटरी के माध्यम से उनका विक्रय कर 'न्यू लक्ष्मी नगर' नाम से अवैध कॉलोनी बसाने का प्रयास कर रहा था. जांच में यह भी सामने आया कि सर्वे क्रमांक 37/1 की भूमि सिद्धनाथ मिश्रीलाल पिता गणपत के नाम दर्ज है. उसका स्वामित्व अज्जू खां के नाम पर नहीं है. उक्त शासकीय भूमि का बाजार मूल्य लगभग 40 करोड़ रुपए है. स्थल निरीक्षण के दौरान शासकीय भूमि पर जरीना बी पति अनवर, बबली पति कैलाश तथा यासमीन मंसूरी पति साकिर द्वारा टीनशेड से निर्मित मकानों में निवास किया जाना पाया गया. इनके विरुद्ध राजस्व प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार बेदखली के आदेश पारित किए गए हैं.

सौ से अधिक प्लॉट बेचे

जांच में यह भी सामने आया है कि भूमाफिया अज्जू खान ने लगभग 100 से अधिक प्लॉट करीब 5 लाख रुपये प्रति प्लॉट की दर से बेच दिए. इससे आम नागरिकों के साथ 5 करोड़ रुपए से ज्यादा की धोखाधड़ी करने का मामला भी पकड़ में आया है. प्रशासन द्वारा अवैध कॉलोनी काटने और सरकारी जमीन पर कब्जा करने के खिलाफ अज्जू खां पिता भूरु खान पर बीएनएस की धारा 318(4) एवं 316(5) के अंतर्गत थाना चंदननगर में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

इंदौर–मुंबई सेंट्रल व इंदौर–हजरत निजामुद्दीन समेत 10 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़े

नवभारत न्यूज़

इंदौर. यात्रियों की बढ़ती भीड़ और लगातार बनी यात्रा मांग को देखते हुए पश्चिम रेलवे ने 10 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के संचालन की अवधि एक बार फिर बढ़ा दी है. इससे इंदौर सहित रतलाम मंडल के यात्रियों को अगस्त माह में भी अतिरिक्त रेल सुविधा मिलती रहेगी.

विस्तारित ट्रेनों में इंदौर–मुंबई सेंट्रल और इंदौर–हजरत निजामुद्दीन के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेनें प्रमुख हैं. रेलवे के अनुसार, मुंबई सेंट्रल–इंदौर की दोनों जोड़ी स्पेशल ट्रेनें 28 से 31 अगस्त तक अलग–अलग तिथियों में संचालित होंगी, जबकि इंदौर–हजरत निजामुद्दीन स्पेशल के फेरे भी 30 और 31 अगस्त तक बढ़ाए गए हैं. इसके अलावा बांद्रा टर्मिनस–भिवानी, मुंबई सेंट्रल–भिवानी, मुंबई सेंट्रल–कानपुर अनवरगंज, अहमदाबाद–पटना, उधना–अयोध्या कैंट की दो जोड़ी तथा गांधीधाम–भागलपुर स्पेशल ट्रेनों के संचालन की अवधि भी अगस्त तक बढ़ाई गई है.

रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि विस्तारित फेरों के लिए आरक्षण शुरू हो चुका है. यात्री पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी के माध्यम से टिकट बुक करा सकते हैं. ट्रेनों के समय, ठहराव और अन्य जानकारी रेलवे के आधिकारिक पोर्टल पर उपलब्ध है.

शराब पीकर ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों पर नगर निगम का शिकंजा

शराबी कर्मचारी नहीं चला सकेंगे निगम के वाहन

नव भारत न्यूज

इंदौर. मध्य प्रदेश के स्वच्छ शहर में नगर निगम द्वारा नया फरमान जारी किया गया है. नगर निगम ने ड्रिंक एंड ड्राइव को लेकर निगम वाहनों के विषय नया फैसला लिया है. बताया जा रहा है कि अब नगर निगम के कर्मचारी और ड्राइवर शराब पीकर गाड़ी नहीं चला सकेंगे. इंदौर नगर निगम में गाड़ी का स्टेरिंग संभालने से पहले सभी वाहन चालकों की ब्रीथ एनालाइजर से जांच करने का निर्णय लिया है.

नगर निगम के शहर में 85 वार्डों में कचरा कलेक्शन गाड़ियों के साथ अन्य कार्यों में तैनात सैकड़ों गाड़ियों से शहर में स्वच्छता का काम किया जाता है. उक्त कार्य के दौरान कई बार ऐसे भी मामले सामने आए, जब या तो नगर निगम के ड्राइवर शराब पिए हुए थे, या फिर शराब पीने के बाद निगम की छवि को धूमिल किया था. पिछले दिनों बॉम्बे अस्पताल चौराहे पर एक निगम का कर्मचारी डस्टबिन के पास शराब के नशे में धुत पड़ा हुआ था.

इन घटनाओं से लिया सबक – पिछले दिनों द्वारकापुरी थाने में भी नगर निगम के कर्मचारियों ने शराब पीकर हंगामा किया था. इस दौरान थाने में ही कर्मचारियों के बीच जमकर मारपीट हुई थी. इसके अलावा वार्ड 28 का दरोगा ड्यूटी के दौरान ही शराब पीता हुआ पाया गया था. सोशल मीडिया पर इस घटना के वीडियो भी सर्कुलेट हुए थे. ऐसे तमाम मामलों को लेकर परेशान निगम प्रशासन ने मुख्यालय, वर्कशॉप एवं निगम के सभी झोनल कार्यालय पर वाहन चालकों की ड्यूटी पर शराब सेवन की जांच करने का निर्णय लिया है.

ब्रीथ एनालाइजर से होगी जांच

नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने कहा कि अब निगम कर्मचरियों की ड्यूटी ज्वाइन करने के पहले ब्रीथ एनालाइजर से जांच होगी. ड्यूटी के दौरान शराब पिए हुए पाए जाने पर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी. उन्होंने कहा कि नगर निगम शराब जांच के लिए ब्रीथ एनालाइजर मशीनें खरीद रहा है. मशीनों से झोनल और कचरा स्टेशन पर कचरा वाहनों पर तैनात कर्मचारियों की रोज जांच होगी.

एमजी रोड पर जर्जर मकान पर रिमूवल कार्रवाई

नव भारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम ने एमजी रोड पर तीन मंजिला जर्जर भवन गिराने की कार्रवाई की. उक्त मकान सौ साल पुराना बताया जा रहा है.

आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर शहर में जर्जर एवं खतरनाक मकानों पर जनसुरक्षा की दृष्टि से हटाने की कार्यवाही लगातार की जा रही है. अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने बताया कि इसी क्रम में आज जोन 20 के वार्ड 8 के भवन क्रमांक 209 नया 270 एमजी रोड़ पर स्थित जर्जर भवन को हटाया गया। उक्त मकान सौ साल से भज ज्यादा पुराना होकर जर्जर अवस्था में था. तीन मंजिला मकान करीब ढाई हजार वर्ग फीट पर निर्मित था. उक्त खतरनाक भवन को मकान मालिक को स्वयं हटाने हेतु सूचना पत्र जारी किया था, किंतु आंशिक रूप से कुछ भाग हटाने एवं समय सीमा में मकान मालिक द्वारा स्वयं भवन नहीं हटाया गया. आज नगर निगम की रिमूवल दस्ते ने उक्त मकान हटाने की कार्रवाई की. कार्रवाई के भवन अधिकारी प्रभात तिवारी, रिमूवल प्रभारी बबलू कल्याणे सहित निगम के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

आईटीआई परदेशीपुरा में 3 अगस्त को लगेगा युवा संगम रोजगार मेला

300 से अधिक पदों पर होगी भर्ती

नवभारत न्यूज़

इंदौर. रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं के लिए 3 अगस्त को आईटीआई परदेशीपुरा में एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा. जिला रोजगार कार्यालय द्वारा कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में आयोजित यह मेला सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा.

मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां हिस्सा लेंगी और 300 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती करेंगी. इनमें एसोसिएट, बैक ऑफिस, एचआर इंटर्न, सेल्स ऑफिसर, रिलेशनशिप मैनेजर, एडमिन कोऑर्डिनेटर, वीडियो एडिटर, कस्टमर सपोर्ट, स्टिचिंग, कटिंग, पैकिंग, लॉजिस्टिक्स तथा आईटीआई ट्रेड से जुड़े प्रशिक्षु पद शामिल हैं. जिला रोजगार कार्यालय के अनुसार, 18 से 35 वर्ष आयु के ऐसे अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं, जिनकी शैक्षणिक योग्यता 8वीं से लेकर स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा या बी.फार्मा तक है. अभ्यर्थियों को अपने शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, बायोडाटा, आधार कार्ड और आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियां साथ लाने की सलाह दी गई है. रोजगार के साथ मेले में स्वरोजगार, अप्रेंटिसशिप, स्टार्टअप, ऋण प्रक्रिया और विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी.

स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई

नवभारत न्यूज़

इंदौर. शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 31 जुलाई अंतिम तिथि निर्धारित की गई है. महाविद्यालय प्रशासन ने इच्छुक छात्राओं से समय रहते प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है.

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.डी. श्रीवास्तव ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रवेश प्रक्रिया 31 जुलाई तक ही संचालित होगी. प्रवेश प्रभारी डॉ. विनीता वर्मा के अनुसार महाविद्यालय में बीए, बीकॉम, बीएससी, बीएचएससी, एमए, एमकॉम, एमएससी, एमएचएससी के साथ ड्रॉइंग, म्यूजिक और कथक विषयों में प्रवेश उपलब्ध हैं. महाविद्यालय प्रशासन ने कहा है कि छात्राएं उच्च शिक्षा विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर निर्धारित प्रक्रिया पूरी कर अंतिम तिथि से पहले अपना प्रवेश सुनिश्चित करें. प्रवेश से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए छात्राएं कार्यालयीन समय में महाविद्यालय के प्रवेश सहायता केंद्र से संपर्क कर सकती हैं.

मालवीय नगर सड़क निरीक्षण के दौरान आयुक्त हुए नाराज

- काम की धीमी गति को लेकर एजेन्सी को बर्खास्त करने का निर्देश
- तीन सहायक यंत्री तथा एक उपयंत्री को भी शोकाज नोटिस देने के निर्देश

नव भारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम आयुक्त ने आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर विकास कार्यों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने मालवीय नगर सड़क निर्माण एजेंसी को बर्खास्त करने का नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. साथ स्ट्रीट लाइट बंद रहने और नर्मदा लाइन के सुधार कार्य में देरी को लेकर सहायक यंत्री जलप्रदाय तथा उपयंत्री विद्युत को शोकाज नोटिस जारी करने के आदेश दिए.

नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने आज सुबह मालवीय नगर एम.आर. 09 लिंक रोड़ से एल.आई.जी लिंक रोड़ को जोड़ने वाली निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान रहवासियों ने पर्याप्त विद्युत व्यवस्था नहीं होने से दुर्घटना होने की शिकायत की. आयुक्त ने मौके पर उपयंत्री प्रवीण सिंह एवं उपयंत्री प्रतीक पंवार को दोनो को शोकाज नोटिस देने के निर्देश दिए. साथ ही क्षेत्र में निर्माण स्थल पर जलप्रदाय लाईन में लिकेज़ के कारण कीचड़ व गंदगी बनी हुई थी. इसके अलावा रोड़ के दोनों तरफ जलप्रदाय लाईन डालने का कार्य धीमी गति और सड़क निर्माण में चेंबर खुले होने पर दुर्घटना का जताया. उक्त लापरवाही को लेकर आयुक्त ने सहायक यंत्री शरद सोनी एवं योजना शाखा सहायक यंत्री एवं उपयंत्री विशाल राठौर को भी फटकार लगाकर शोकाज नोटिस देने के आदेश दिए है. आयुक्त ने पिछले दौरे में काम की गति बढ़ाने के निर्देश का पालन नहीं करने पर सड़क निर्माण एजेंसी हाईवे इन्फ्रास्ट्रक्चर को बर्खास्त करने का नोटिस अपर आयुक्त को देने निर्देश दिए. आयुक्त श्री सिंघल द्वारा ट्रेंचिंग ग्राउण्ड स्थित लेण्डफील पर पौधारोपण करने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, सहायक यंत्री जलप्रदाय शरद सोनी, योजना सहायक यंत्री नरेश जायसवाल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

एक नजर में — इंदौर लेखिका संघ का अनूठा आयोजन– गीता की पाठशाला

गीता पूजा घर में रखने के लिए नहीं बल्कि पढ़ने के लिए भी

इंदौर. दुनिया के पवित्र और महान ग्रंथ भगवद्गीता को लेकर इंदौर लेखिका संघ ने एक अनूठा आयोजन किया.

गीता की पाठशाला नाम से आयोजित इस अभिनव कार्यक्रम में गीता के अध्येता नितिन वैद्य ने कहा कि गीता केवल पूजाघर में रखने के लिए नहीं, बल्कि पढ़ने के लिए भी है. भगवद्गीता एक पवित्र ग्रंथ होने के साथ–साथ जीवन जीने की एक कालजयी कला है. कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदौर लेखिका संघ की संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ .स्वाति तिवारी ने की. इंदौर लेखिका संघ का अनूठा आयोजन गीता की पाठशाला के साथ ही 27वें कारगिल विजय दिवस के रूप में भी मनाया गया. इस अवसर पर कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए काव्य–गोष्ठी के माध्यम से उनके अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया गया. आयोजन दो सत्रों में आयोजित किया. गीता की पाठशाला के मुख्य वक्ता एवं अतिथि, गीता–अध्येता व लेखक नितिन वैद्य ने अपनी 'पाठशाला' में सिद्ध सूत्रों के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को गीता के मूल्यों को आत्मसात करने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी. उन्होंने समस्त लेखिकाओं के मन में गीता जी को पढ़ने की जिज्ञासा जगाई और यह भी बताया कि जीवन में समस्याओं का निवारण गीता जी किस प्रकार करती हैं.

वरिष्ठ नागरिकों ने औषधीय और फलदार पौधे रोपे

इंदौर. पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य चेतना को बढ़ावा देने के लिए मतलानी गार्डन में वरिष्ठ नागरिकों द्वारा एक भव्य पौधारोपण अभियान चलाया गया. इस सराहनीय पहल के तहत उद्यान में करीब 200 औषधीय और फलदार पौधे रोपे गए.

इसके साथ ही सदस्यों ने मिलकर औषधीय पौधों का एक विशेष समर्पित गार्डन भी विकसित किया है. इस पूरे अभियान का नेतृत्व और सफल क्रियान्वयन संस्था के संयोजक रामबाबू अग्रवाल के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में करीब 40 वरिष्ठ सदस्यों ने श्रमदान किया, जिनमें मुख्य रूप से गजानंद अग्रवाल, हीरानंद गिद्वानी, हरीश आरिज़ा, वासुदेव जी, संजय मल्होत्रा, लालू जी, आय.के. व्यास और सतवानी जी शामिल रहे. सभी सदस्यों ने इन पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प भी लिया.